प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के क्वात्रा बने अमेरिका के राजदूत

पंतनगर। 18 जुलाई 2024। भारत ने अपने अगले अमेरिकी राजदूत के रूप में सेवानिवृत्त राजनयिक श्री विनय मोहन क्वात्रा को नामित किया है। इससे पहले उन्होंने विज्ञान में स्नातकोत्तर एवं स्नातक कृषि एवं पशुपालन ऑनर्स की डिग्री पन्तनगर विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय से प्राप्त की है। श्री क्वात्रा ने अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों में डिप्लोमा भी प्राप्त किया है। श्री क्वात्रा एक सेवानिवृत्त आईएफएस भारतीय राजनयिक है। उन्होंने 34वें विदेश सचिव के रूप में कार्य किया। श्री क्वात्रा ने भारत सरकार के विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय में संयुक्त सचिव के रूप में सेवा दी है। मई 2010 से जुलाई 2013 तक वाशिंगटन डी.सी. में भारतीय दूतावास में मंत्री (वाणिज्य) के रूप में अपनी सेवा दी। जुलाई 2013 से अक्टूबर 2015 के बीच उन्होंने विदेश मंत्रालय के निति नियोजन और अनुसंधान प्रभाग का नेतृत्व किया और बाद में विदेश मंत्रालय में अमेरिका प्रभाग के प्रमुख के रूप में अपनी सेवाएं दी। उन्होंने फ्रांस और नेपाल में भारत के राजदूत के रूप में भी सेवा दी थी।

विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने श्री विनय मोहन क्वात्रा के इस प्रतिष्ठित पद पर आसीन होने के लिए उन्हें बधाई दी है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के लिए यह एक गौरव का क्षण है कि श्री क्वात्रा ने यहां से शिक्षा प्राप्त की है। डा. जे.पी. जायसवाल, सचिव एल्युमिनी एसोसिएशन (4ए) एवं निदेशक संचार ने श्री क्वात्रा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के सभी एल्युमिनाई के लिए श्री क्वात्रा की उपलब्धि गौरवान्वित करने वाली है।

1ः श्री विनय मोहन क्वात्रा।

निदेशक संचार